अमेरिका, कनाडा, मेक्सिको द्वारा नए व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

drishtiias.com/hindi/printpdf/us-canada-mexico-sign-trade-deal-after-last-minute-brinkmanship

चर्चा में क्यों?

हस्ताक्षर किये जाने की पूर्व संध्या तक सौदे के अंतिम विवरण को लेकर जारी अस्थिरता के बाद हाल ही में मेक्सिको, कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका के नेताओं ने उत्तरी अमेरिकी व्यापार संधि पर हस्ताक्षर किये।

प्रमुख बिंदु

- डेढ़ वर्ष तक चली गंभीर वार्ता के बाद 30 सितंबर को तीनों देशों के नेताओं ने उत्तर अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौते (NAFTA) को प्रतिस्थापित करने के सिद्धांत के अनुरूप एक सौदे पर सहमति व्यक्त की थी, जो कि 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक के पारस्परिक व्यापार को नियंत्रित करता है।
- तीनों पक्षों के मध्य सौदे के बेहतर क्रियान्वयन हेतु इसकी बारीकियों और शब्दावली को लेकर काफी दिनों से आपस में नोंक-झोंक चल रही थी और ब्यूनस आयर्स में जी-20 शिखर सम्मेलन के शुरू होने से कुछ घंटे पहले तक तीनों पक्ष इस पर सहमत नहीं थे जब तक कि अधिकारियों ने बैठकर इसे हस्ताक्षरित नहीं कर दिया।
- तीनों देशों के नीति नियामकों द्वारा अभी भी इस समझौते को मंज़ूरी दिया जाना बाकी है। उत्तर अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौते (NAFTA) के स्थान पर लागू होने के बाद आधिकारिक तौर पर इसे संयुक्त राज्य अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा समझौते (USMCA) के रूप में जाना जाएगा।
- कनाडाई प्रधानमंत्री द्वारा इस समझौते को 'नए NAFTA' के रूप में संदर्भित किया गया। इस पर हस्ताक्षर करने से पहले, कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को बताया कि दोनों देशों को इस्पात और एल्यूमीनियम शुल्क को खत्म करने के लिये मिलकर प्रयास करना चाहिये।
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2016 के अपने राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान NAFTA को फिर से बदलने की कसम खाई थी। उन्होंने कई बार वार्ता के दौरान इस समझौते को फाड़ने और अमेरिका द्वारा पूरी तरह से इस समझौते से अलग होने की धमकी दी, जिससे तीनों पड़ोसियों के बीच व्यापार अवरुद्ध हो जाता।
- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कनाडा और मेक्सिको को 24 वर्षीय समझौते पर पुनर्विचार करने के लिये मजबूर कर दिया क्योंकि उन्होंने कहा था कि मौजूदा समझौते ने अमेरिकी कंपनियों को कम मज़दूरी वाले मेक्सिको में नौकरियाँ स्थानांतरित करने के लिये प्रोत्साहित किया था।
- डेयरी उत्पादों के लिये कनाडा के संरक्षित आंतरिक बाज़ार के संबंध में अमेरिकी आपत्तियाँ वार्ता के दौरान वार्ताकारों के समक्ष एक बड़ी चुनौती थीं और डोनाल्ड ट्रंप ने बार-बार रियायतों की मांग की तथा कनाडा पर अमेरिकी किसानों को नुकसान पहुँचाने का आरोप लगाया।

अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा समझौता (USMCA)

- यह मूलतः नाफ्टा का दूसरा संस्करण है। इसके अंतर्गत कारों, श्रम संबंधी नीतियों, पर्यावरण मानकों, बौद्धिक संपदा, सुरक्षा व कुछ डिजिटल व्यापार प्रावधानों पर किये गए बड़े परिवर्तन शामिल हैं।
- इस समझौते के तहत 500 मिलियन निवासियों का क्षेत्र समाहित होगा और एक वर्ष में लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर का व्यापार होगा।
- इस समझौते के तहत कनाडा अब अपने डेयरी बाज़ार को अमेरिकी उत्पादकों के लिये खोल देगा और बदले में अमेरिका ने विवाद निपटान प्रावधानों को अपरिवर्तित छोड़ दिया।
- इसके अलावा, यह व्यापार नियमों के 'हेरफेर' को रोकने के लिये मुद्रा मूल्य को शामिल करने सहित प्रावधानों को जोड़ता है और शुल्क मुक्त बाज़ार का लाभ उठाने की कोशिश कर रहे बाहरी देशों पर नियंत्रण करता है।

क्या है NAFTA?

- उत्तर अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौता (North American Free Trade Agreement-NAFTA) एक व्यापक व्यापार समझौता है जो कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका और मेक्सिको के बीच व्यापार तथा निवेश के नियम निर्धारित करता है।
- चूँकि यह समझौता 1 जनवरी, 1994 से लागू हुआ था, इसलिये नाफ्टा ने तीनों देशों के बीच मुक्त व्यापार और निवेश के लिये अधिकतर टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को व्यवस्थित रूप से हटा दिया।
- इस समझौते के कारण इन तीनों देशों के बीच माल की ढुलाई पर लगने वाले कर को समाप्त कर दिया गया। ट्रेडमार्क, पेटेंट और करेंसी को लेकर तीनों देशों के बीच व्यापार संबंधी काफी सुगम नियम बनाए गए।

स्रोत : द हिंदू